आज

महानगर

प्रयागराज, रविवार २५ अक्तूबर, २०२६

मिट्टीकी उर्वरा शक्तिको बढ़ायेगा 'खेत बचाओ' अभियान

किसानोंको जागरूक करेगा कृषि विभाग

कृषि विभाग द्वारा प्रदेश भर में 'खेत बचाओ अभियान २०२६' की शुरुआत की गयी है। शनिवार से प्रयागराज में शुरू यह विशेष अभियान आगामी ३० नवंबर तक जारी रहेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाना और किसानों को जागरूक बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। कृषि विभाग के अभियान का मुख्य संदेश है मिट्टी स्वस्थ, फसल समृद्ध, किसान सशक्त'। गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया और राई, सरसों जैसी रबी फसलों के उन्नत बीजों की जानकारी दी रही है। फिर मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनाए रखने के लिए कार्बनिक पदार्थो और जैविक अंश को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों को रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से बचने और फसलों के लिए संतुलित उर्वरक अपनाने की सलाह दी जा रही है। गांव की चौपाल पर जाकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना है। मिट्टी की सेहत सुधारकर हर फसल को किसान की खुशहाली का जरिया बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग ने किसानों की सहायता और जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। यह हेल्पलाइन नंबर ०५२२ २३१७००३ है। इसके अलावा, किसान कृषि विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी किसान अभियान से जुड़ी नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस संबंध में उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार से शुरू होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के तहत भी गांवों में गोष्ठियां आयोजित कर किसानों को प्राकृतिक खेती और विभिन्न फसलों के संबंध में जरूरी अपडेट दिए जाएंगे।

जिले की सभी तहसीलों एवं कस्बोंमें जाकर किसानों से मंच साझा कर उनकी समस्याओं को सुना जायेगा और हर सम्भव समाधान की पहल की जायेगी।

विद्युत उपकेन्द्रोंसे जुड़े इलाकोंमें आज होगा मरम्मत कार्य

नगर के विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में बिजली के जरूरी मरम्मत के कार्य निर्धारित किये गये हैं। इस दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। त्योहारों के मद्देनजर बिजली व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र पर दोपहर को घंटे भर मरम्मत का कार्य किया जायेगा। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नगर के अलग अलग विद्युत उपकेन्द्र पर मरम्मत के कार्य के चलते सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। फोर्टरोड विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े अल्लापुर के मटियारा रोड, किदवई नगर, बाघंबरी हाउस आदि क्षेत्रों में मरम्मत कार्य होगा।

रिक्त पदोंपर भर्ती न होनेसे डाक्टरोंपर बढ़ा कामका दबाब

मरीजोंको अपनी बीमारी एवं परेशानीको बतानेका नहीं मिल पाता मौका

सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों के रिक्त पदों पर भर्ती न होने का सीधा असर अब आम जनता की सेहत पर पड़ता दिखायी देख रहा है। रिक्त पदों की भर्ती ने होने के कारण सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों पर काम का दबाब बढ़ता जा रहा है। डाक्टरों पर काम का दबाब इस कदर बढ़ चुका है कि है कि एक मरीज को औसतन सिर्फ एक मिनट का समय दी दे पा रहे हैं। नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की गाइड लाइन के अनुसार एक ओपीडी में प्रतिदिन ४० मरीज देखे जाने चाहिए, लेकिन चार-पांच गुना अधिक मरीज ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे हैं।ऐसे में घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद जब मरीज की बारी आती है तो उसे अपनी बीमारी एवं परेशान को विस्तार से बताने का मौका तक नहीं मिल पाता। बेली अस्पताल में डाक्टरों के ४६ पद स्वीकृत हैं लेकिन ३४ डाक्टर ही कार्यरत हैं। रिक्त पदों की कमी को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के १३ चिकित्सक अलग-अलग विभागों में तनात किए गये हैं।काल्विन में कुल ४९ पद स्वीकृत हैं, मौजूदा समय में ३५ चिकित्सकों की तैनाती है। भरपाई के लिए एनएचएम के दस एवं पुनर्योजन के दो व वाक इन इंटरव्यू के जरिए एक चिकित्सक की तैनाती की गयी है। एसआरएन अस्पताल में इन दिनों करीब ३५०० से चार हजार मरीज ओपीडी में प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। अधिकांश विभागों की ओपीडी में २५० से ३५० मरीज से भी अधिक रोजाना देखे जाते हैं। एसआरएन अस्पताल प्रमुख अधीक्षक डा. नीलम सिंह के अनुसार अस्पताल में प्रयागराज के अलावा कई अन्य जिलों के मरीजों का भी दबाब रहता है। न्यूरोलाजी, ईएनटी, मेडिसिन, त्वचा रोग, टीबी चेस्ट एवं कुछ अन्य विभाग ऐसे है जिन पर मरीजों का दबाब हमेशा रहता है। काल्विन अधीक्षक के अनुसार चिकित्सकों के पद लंबे समय से रिक्त है, जिससे संबंध में कई बार शासन को पत्र लिखा गया है। हमारे यहां मेडिसिन, सर्जरी, आर्थोपेडिक्स की ओपीडी में रोजाना १५० से २५० मरीज देखे जाते हैं। बेली अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डा. भावना शर्मा के अनुसार चिकित्सकों के पद रिक्त होने के बाद एनएचएम के तहत चिकित्सक अलग-अलग विभागों की ओपीडी में लगाए गए है। मरीजों का दबाब लगतार बढ़ रहा है।

बहनोंने भाइयोंकी सुख समृद्धिकी कामनाके लिए खरीदी ढेड़िया



नगर के मुख्य बाजारों चौक, लोकनाथ, खुल्दाबाद, सिविल लाइंस, कटरा, तेलियरगंज, अलोपीबाग, दारागंज में मिट्टी के बने ढेड़िया की खूब मांग रही है। पारंपरिक ढेड़िया भाई-बहन के अटूट प्रेम और उनकी लंबी उम्र व सुख समृद्धि की कामना का प्रतीक है। जिसके चलते नगर के प्रमुख बाजारों में शनिवार को काफी भीड़ रही। ज्यादातर लड़कियों ने ढेड़िया की खरीदारी की। ५० से लेकर २०० रुपये तक की ढेड़िया बाजारों में खूब बिकी। इस दौरान दकानदारों की मोटी कमाई हुई। दकानदारों का कहना था कि साल में एक बार ही ढेड़िया पर्व आता है।

होटलके बाहरसे फार्च्यूनर चोरी, चालकपर भी संदेह

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में म्योर रोड स्थित एक होटल के बाहर खड़ी सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार चोरी हो गई। कार मालिक ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति पर कार चोरी करने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने चालक की भूमिका पर भी संदेह जताया है। सिविल लाइंस पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। कार चोरी का एक एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है जिसमें एक दिव्यांग व्यक्ति कार के पास जाता दिखाई दे रहा है। राजापुर के गंगानगर निवासी पीयूष जायसवाल ने पुलिसको दी तहरीर में बताया कि २२ अक्टूबर की रात उनकी फॉर्च्यूनर कार होटल के बाहर खड़ी की गई थी। २३ अक्टूबर की सुबह करीब ११ बजे चालक कार लेने पहुंचा तो वह वहां नहीं मिली। इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति कार चोरी कर ले जाता दिखाई दिया। कार मालिक ने अपने चालक माया शंकर श्रीवास्तव निवासी बेली की भूमिका को भी संदिग्ध बताया है।

छठपूजा एवं कार्तिक स्नान पर्वकी तैयारियां शुरू, सफाईपर फोकस

श्रद्धालुओंकी सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षाके लिए समयसे सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करनेके निर्देश

नवंबर माह में १३ से १६ तक छठ पूजा एवं २५ अक्तूबर से शुरू हो रहे कार्तिक माह(स्नान) एवं यमुना आरती के दृष्टिगत नगर निगम की ओर से तेयारी शुरू हो गयी है।

शनिवार को महापौर ने नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा के साथ बारादरी बलुआघाट, काली घाट कीडगंज सहित यमुना नदी के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, फागिंग, चूना छिड़काव, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सभी घाटों पर स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया गया।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों एवं उनके आसपास नियमित सफाई कराई जाए तथा प्रकाश और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और पर्वों के दौरान व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि छठ पर्व आस्था, स्वच्छता एवं सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक है।

नगर निगम प्रयागराज श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी पर्वों को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं।

इस मौके पर पार्षद रुद्र सेन जायसवाल, सतीश केसरवानी, अंकुश शर्मा, अपर नगर आयुक्त सदैव असलम, मुख्य अभियंता दिनेश सचान, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार, अवर अभियंता राम सक्सेना, सीपी पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगमने ५.७७ करोड़से क्रय किया १५ वाहन, बढ़ेगी कार्यक्षमता

आठ रोबोट, पांच पोकलैण्ड एवं दो लोडाल, जोनवार सुदृढ़ होगी सफाई व्यवस्था



नगर निगम ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से १५वें वित्त आयोग से ५.७७ करोड़ की लागत से १५ नये वाहनों का क्रय किया है। शनिवार को सभी वाहनों को नगर निगम मुख्यालय के सामने खड़ाकर पूजन अर्चन किया गया। महापौर ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। बताया जा रहा कि सभी जोनों में नये वाहनों से सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में नये वाहनों को क्रय किया गया है। इन वाहनों में आठ रोबोट, पांच विभिन्न प्रकार के पोकलैण्ड और दो लोडाल वाहन शामिल है।

नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, सफाई कार्यों में तेजी लाने तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से १५वें वित्त आयोग के अंतर्गत नए वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर महापौर ने कहा कि प्रयागराज को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। शहर की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए सफाई व्यवस्था को मजबूत करना और नगर निगम के संसाधनों में वृद्धि करना आवश्यक है। नए वाहनों के शामिल होने से नगर निगम के कार्यों को गति मिलेगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता एवं अन्य नगरीय व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वह उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर नगरीय सुविधाएं और व्यवस्थित शहर उपलब्ध कराना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है।

इस मौके पर पार्षद पंकज जायसवाल, अमित सिंह बबलू, बबलू रघुवंशी, रितेश मिश्रा, कुसुम लता, नीरज टंडन, आशीष द्विवेदी एवं बाल राज पटेल सहित मुख्य अभियंता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियंता जनकार्य दिनेश चंद्र सचान, अपर नगर आयुक्त शादाब असलम एवं राजीव शुक्ला तथा अवर अभियंता राम सक्सेना सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जमीन बेचनेके नामपर १८.४९ लाख हड़पे, तीन नामजद

३० लाख रुपयेमें तय हुआ था सौदा, रकम मांगनेपर धमकी

शिवकुटी के चिल्ला में जमीन बेचने के नाम पर १८.४९ लाख रुपये लेने के बाद बैनामा नहीं करने का मामला सामने आया है। दारागंज निवासी दुर्गेश कुमार मिश्र की शिकायत पर अदालत के आदेश से शिवकुटी पुलिस ने कमलेश कुमार, सूरज प्रताप सिंह और संजय कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपित गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी भी देते थे।

दुर्गेश कुमार मिश्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आवासीय जमीन खरीदना चाहते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात कमलेश कुमार से हुई। उसने चिल्ला में १५ बिस्वा जमीन होने की बात कही। संजय कुमार और सूरज प्रताप सिंह ने भी जमीन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद पांच बिस्वा जमीन का सौदा ३० लाख रुपये में तय हुआ। आरोप है कि वादी ने अलग-अलग तारीखों में बैंक खातों के माध्यम से और नकद मिलाकर कुल १८४९८३८ रुपये दिए। इसके बावजूद आरोपितों ने जमीन का बैनामा नहीं किया। कई बार कहने पर आरोपितों ने ५.१९ लाख रुपये वापस किए, लेकिन शेष १३८०८३५ रुपये नहीं लौटाए। रुपये मांगने पर आरोपित टालमटोल करने लगे। बाद में गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिवकुटी पुलिस अदालत के आदेश पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक सालमें पांच बार तबादला, कौड़िहारसे उरुवा तबादलेपर लगायी रोक

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक साल के भीतर ५ बार तबादला किए जाने को मल्टीपल ट्रांसफर का मामला मानते हुए तबादला आदेश पर रोक लगा दी है।और राज्य सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

दिनेश कुमार चौरसिया की याचिका पर न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने यह आदेश पारित किया।याची की ओर से अधिवक्ता सत्येन्द्र चंद्र त्रिपाठी ने बहस की।याची का तबादला ०९अक्टूबर २०२६ के आदेश से विकास खंड कौड़िहार से विकास खंड उरुवा कर दिया गया था। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।याची के वकील ने दलील दी कि १७ दिसंबर २०२५ से ०९अक्टूबर २०२६ के बीच एक साल में ही याची का ५ बार तबादला कर दिया गया है।

श्री सुमंगलमका स्थापना दिवस आज

सामाजिक एवं आध्यात्मिक प्रेरणा की अभिव्यक्ति एवं अनाथ परित्यकता नारी के जीवन स्तर को सजाने का संकल्प लेकर कार्य करने वाली संस्था श्री सुमंगलम का स्थापना दिवस समारोह २५ अक्टूबर को प्रात: १० बजे से शुभ मंगलम परिसर चांडी में दिव्य एवं भव्य रूप से मनाया जाएगा।

संस्था के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद पवन श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में असम प्रदेश के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य मुख्य अतिथि होंगे।मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल मुख्य वक्ता होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह करेंगे। सांसद राधाकांत ओझा और सुप्रसिद्ध उद्योगपति आर के चौधरी भी समारोह में उपस्थित रहेंगे।

एसएसपी मेरठको शाम चार बजे तक कोर्टमें खड़ा रखा

सीजेएम के खिलाफ प्रशासनिक जांचके निर्देश

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर जमानत हासिल करने और बाद में वादे से मुकरने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने आरोपी की जमानत तत्काल प्रभाव से रद करते हुए उसे हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय के आदेश की अवहेलना और लापरवाही बरतने पर एसएसपी मेरठ को शाम चार बजे तक कोर्ट रूम में ही खड़ा रखा तथा मेरठ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आचरण को घोर लापरवाही व अनुशासनहीनता मानते हुए मामले को प्रशासनिक जांच के लिए भेज दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने मानसी की ओर दाखिल जमानत निरस्तीकरण अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया। मामले के तथ्यों के अनुसार मेरठ के सरधना थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी को हाईकोर्ट की पीठ ने गत १८ मार्च को इस शर्त और अंडरटेकिंग पर जमानत दी थी कि वह पीड़िता से विवाह करेगा। लेकिन आरोपी जेल से बाहर आने के बाद अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता ने हाईकोर्ट का रुख कर अंडरटेकिंग के उल्लंघन के आधार पर आरोपी की जमानत रद करने की गुहार लगाई। शनिवार को सुनवाई के दौरान पीड़िता और आरोपी दोनों कोर्ट में उपस्थित थे। जब कोर्ट ने आरोपी से पूछा तो उसने पीड़िता से शादी करने से साफ इनकार कर दिया।इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि आरोपी ने जमानत लेते समय दी गई अंडरटेकिंग का सीधा उल्लंघन किया है। कोर्ट ने तत्काल उसकी जमानत रद्द कर दी और मौके पर मौजूद एसएसपी मेरठ को निर्देश दिया कि आरोपी को तुरंत हिरासत में लेकर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष न्यायिक हिरासत के लिए पेश किया जाए। इससे पूर्व मामले में पेश न होने पर हाईकोर्ट ने गत २८ सितंबर को आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर एसएसपी मेरठ को तामील कराने और आरोपी को सीधे हाईकोर्ट में पेश करने का स्पष्ट निर्देश दिया था। वारंट तामील होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हाईकोर्ट लाने की बजाय सीजेएम मेरठ की अदालत में पेश कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पर कोर्ट ने एसएसपी मेरठ को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा था।शनिवार को पेश हुए एसएसपी ने बताया कि वह २८ सितंबर से दो अक्टूबर तक अवकाश पर थे और उनके अधीनस्थों से यह चूक हुई।

कोर्ट ने इसे मातहतों की लापरवाही तो माना लेकिन कहा कि वारंट के निष्पादन प्राधिकारी स्वयं एसएसपी थे इसलिए आरोपी को हाईकोर्ट में पेश कराना उनकी जिम्मेदारी थी। कोर्ट ने उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश करने की बजाय उन्हें शाम चार बजे तक न्यायालय में ही मौजूद रहने का निर्देश दिया और भविष्य में सतर्क रहने की चेतावनी दी।कोर्ट ने इस बात पर भी गंभीर ऐतराज जताया कि जब सीजेएम मेरठ को यह संज्ञान में था कि हाईकोर्ट ने आरोपी को सीधे पेश करने का एनबीडब्ल्यू जारी किया है, फिर भी उन्होंने बिना हाईकोर्ट भेजने के निर्देश के आरोपी को सीधे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट ने इसे सीजेएम मेरठ की घोर लापरवाही व अनुशासनहीनता करार दिया। निर्देश दिया कि इस आदेश की प्रति मेरठ के प्रशासनिक न्यायाधीश के समक्ष रखी जाए ताकि सीजेएम के विरुद्ध प्रशासनिक स्तर पर उचित कार्रवाई की जा सके।

८५९ मतों के साथ सौरभ आगे, प्रवीण दूसरे और देवाशीष तीसरे स्थान पर

हाईकोर्ट बार चुनाव : कार्यकारिणी सदस्योंकी मतगणना जारी

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) की मतगणना में शनिवार को सौरभ शुक्ला ८५९ मत हासिल कर सबसे आगे बने हुए हैं। दूसरे पर आचार्य प्रवीण तिवारी (८०२)दूसरे और तीसरे स्थान पर देवाशीष त्रिपाठी (७४५) चल रहे हैं।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के २३वें दिन शनिवार को लाइब्रेरी हाल में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों के ५५०७ मतपत्रों की गणना हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी ने बताया कि मतगणना में अब तक प्रत्याशी सौरभ शुक्ला को ८५९,आचार्य प्रवीण तिवारी को ८०२, देवाशीष त्रिपाठी को ७४५, अंकुश यादव को ६७८,कृष्ण मोहन सिंह को ६७७, अखिलेश कुमार शुक्ला को ६३९,आदित्य सिंह को ६३५, चित्रांशु श्रीवास्तव को ६३०,अमित सिंह बिसेन को ६१९, जफर अली को ६१७, अभिषेक तिवारी को ६०६, सचिन शर्मा को ५९४,कुलदीप त्रिपाठी को ५७९,विनय कुमार साहू को ५७६, मोहित कुमार तिवारी को ५६५, रजनी कुमार मिश्र को ५६३, अफजल अली को ५६१ मत मिले। कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मतगणना के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद फरमान अहमद नकवी, चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, जेबी सिंह, राज कुमार शुक्ला, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अनुभव शुक्ला सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि रविवार को मतगणना स्थगित रहेगी। सोमवार को अपने निर्धारित समयानुसार लाइब्रेरी हाल में मतगणना होगी।

डा. अवधेश चौबे बने काल्विन के नये प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक

काल्विन अस्पताल के नए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के रूप में डा. अवधेश चौबे ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उनके अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों, चिकित्सा कर्मियों एवं कर्मचारी संघटन के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं एवं पुष्टगुच्छ भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया गया। डाक्टरों एवं कर्मचारियों ने डा. चौबे को बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से डा. केके पांडे, डा. माया देवी, डा. रामचंद्र, डा. सुरेश मौर्य, डा. महानंद एवं पूर्व अधीक्षक आरएस दूबे, मैनेजर ज्ञानेंद्र पांडेय एवं कर्मचारी संघटन के अध्यक्ष सुजीत कनौजिया, मंत्री प्रमोद मौय, उपाध्यक्ष महेश प्रसाद सहित बड़ी सख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

काल्विन में दो सीटोंपर होगा प्रवेश, डाक्टरोंकी कमी होगी दूर

तीन साल तक पढ़ाईके साथ सेवाएं भी देंगे जूनियर डाक्टर

मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए शासन ने डिप्लोमेट आफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत इस सत्र से दो सीटों के लिए प्रवेश होगा, पहले चरण में टीबी एवं चेस्ट विभाग में डीएनबी कोर्स के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे अस्पताल को विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी दूर होगी।

नीट-पीजी के बाद चयनित एमबीबीएस डाक्टर तीन साल तक पढ़ाई के साथ मरीजों का उपचार भी करेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की की ओर से डीएनबी कोर्स एमडी एवं एमएस के समकक्ष मान्य है।

संरक्षक-डा. चंद्र देव एवं रीता बनीं महिला सभाकी प्रदेश अध्यक्ष



विश्व सनातन चेतना महासभा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण उपाध्यक्ष शिवा हिन्दू ने राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश केसरवानी की सहमति पर रीता राय को महिला सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्वामी डा. चंद्र देव महाराज महंत को राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्त किया।

इस मौके पर रमेश चन्द त्रिपाठी, आयूष त्रिपाठी, अशोक कुमार शार्मा, आकाश सिंह, अनिल वर्मा, अजय सिंह, नरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, नितिन चौरसिया, अभिषेक ओझा, अनिल वार्म, अभिषेक सक्सेना, शकर लाल केशरवानी, धीरेंद्र केसरवानी, संतोष केसरवानी, घीरज कुमार, नीरज जायसवाल आदि ने बधाई दिया।

बूथ कार्यकर्ता सम्मेलनमें शामिल होंगे भीम आर्मी प्रमुख

फूलपुरके भुलईका पूरामें सम्मेलन एवं जनसभा कल



आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद २६ अक्टूबर को प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे। वह फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के भुलई का पूरा गांव में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी क्रम में वह फूलपुर विधानसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उक्त जानकारी शनिवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुख्य मंडल प्रभारी अशोक कुमार और प्रत्याशी शाहिद अख्तर खान ने दी। उन्होंने बताया कि २६ अक्टूबर को दोपहर १:३० बजे फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई स्थित भुलई शाह बाबा की मजार के पास खाली मैदान में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभा का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य मंडल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पार्टी ने कोरांव, करछना और फूलपुर में प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिये है। फूलपुर के कार्यक्रम के माध्यम से चंद्रशेखर आजाद पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन जुटाएंगे। पार्टी इसे फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने और संघटन को मजबूत करने के रूप में देख रही है। उन्होंने पार्टी को प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया। स्पष्ट किया कि आजाद समाज पार्टी प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। पार्टी सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। चंद्रशेखर आजाद लगातार वंचितों और कमजोर वर्गो की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए पार्टी अपने संघटन को धार देने और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। पार्टी नेताओं का दावा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। दावा किया कि प्रदेश में आजाद समाज पार्टी के समर्थन के बिना किसी की भी सरकार नहीं बनेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षका आज नगरमें होगा स्वागत

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना के रविवार को प्रथम आगमन को लेकर आज पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। इसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना पूर्वान्ह १०:३० बजे तेलियरगंज में स्वागत सभा में शामिल होंगी। इसके बाद वह वरिष्ठ नेताओं के साथ बहुगुणा चौराहा स्थित इंदिरा प्रतिमा और हाईकोर्ट चौरहा स्थित आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए जायेंगी। यहां से वह सीधे अलोपीबाग स्थित लौह पुरुष सरदार पटेल सेवा संस्थान में आयोजित सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन में शिरकत करेंगी। ओबीसी कांग्रेसकी ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहेंगे। कहा कि यहां के बाद प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष दोपहर दो बजे सिविल लाइन्स बिजली घर चौराहा स्थित शंकरलाल मेमोरियल हाल में प्रयाग जोन के सभी पदाधिकारी के साथ एक नवम्बर को दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ महारैली और यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी।

लाइनलास वाले इलाकोंमें एबीसी केबिल लगानेकी तैयारी

बिजली चोरीपर लगेगी रोक

नगर के विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े लाइनलास वाले इलाकों को चिन्हित कर बिजली विभाग ने एबीसी केबिल लगाने की तैयारी की है। इसमें इलाके को बिजली आपूर्ति करने वाले खुले तारों का हटाया जायेगा। साथ ही एबीसी केबिल खम्भों पर लगायी जायेगी। इससे खुले तारों में चलने वाला कटियामारी पर पूरी तरह से लगाम लग जायेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पारम्परिक खुले तारों की जगह इन इंसुलेटेड प्लास्टिक कवर्ड केबिल को लगाने से कटिया मारना लगभग असंभव हो जाता है। जिससे लाइनलास में भारी कमी आती है। नगर के विभिन्न वार्डों मेंहदौरी कालोनी, आजाद नगर आदि में खुले तारों को हटाकर नयी एबीसी केबिल बिछाने और कनेक्शन को इससे जोड़ने का काम किया जा रहा है। घने और प्रमुख इलाकों कीडगंज, सिविल लाइंस, रेलवे क्रासिंग के पास एबीसी केबिल के साथ साथ तारों को पूरी तरह से भूमिगत किया जा रहा है। कुछ इलाकों में एबीसी केबिल में फाल्ट या आग लगने की समस्या भी सामने आयी है। जिसे ठीक करने के लिएए बिजली विभाग जर्जर तारों को बदल रहा है। एबीसी केबिल का फायदा यह होता है कि कबिल पूरी तरह से इंसुलेटेड होते है। जिससे सीधे कटिया फंसाना मुमकिन नहीं होता है। अवैध रूप से बिजली खींचना बंद होने से तकनीकी और कमर्शियल लाइनलास न्यूनतम हो जाता है। खुले तारों की तरह हवा या आंधी में इनके आपस में टकराने से शार्ट सर्किट या टूटने का खतरा नहीं रहता है। उपभोक्ताओं को बिना किसी ट्रिपिंग के सुचारु और स्थिर वोल्टेज की बिजली मिलती है।

जिन इलाके में पुराने खुले तार है, वहां केबिल लगाने के लिए उपभोक्ता अपने विद्युत उपकेन्द्र पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनोंका होगा संचालन



पीईटी परीक्षा-२०२६ के लिए प्रयागराज मण्डलमें रेल परिचालन की व्यापक तैयारियां

आगामी २५ एवं ३० अक्तूबर तथा एक नवम्बर को आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा-२०२६ के दौरान परीक्षार्थियों की सम्भावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल द्वारा व्यापक रेल परिचालन योजना तैयार की गयी है।

मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देशन में परीक्षार्थियों की सुगम आवाजाही के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफार्म, टिकट काउण्टर तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष प्रबंध किये गये हैं। इसके साथ ही मण्डल स्तर पर स्थापित वार रूम से प्रमुख स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दो महत्वपूर्ण एकतरफा अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन होगा। गाड़ी संख्या ०१८२१ प्रयागराज जंक्शन से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तक चलने वाली १२ कोच वाली यह अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन २४ एवं २९ अक्तूबर तथा ३१ अक्तूबर को प्रयागराज जंक्शन से रात्रि ७.४५ बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन प्रात: ५.१५ बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०१८२३-कानपुर सेंट्रल से मथुरा जंक्शन तक चलने वाली १२ कोच वाली यह अनारक्षित परीक्षा स्पेसल ट्रेन २४, २९ तथा ३१ अक्तूबर को कानपुर सेंट्रल से रात्रि आठ बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन प्रात: ३.१० बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। इससे कानपुर, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला एवं संबंधित स्टेशनों से यात्रा करने वाले परीक्षार्थियों को लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, मथुरा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं अन्य संबंधित गंतव्यों के लिए आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाने का प्रावधान रखा गया है।इसके अतिरिक्त, यात्रियों की संख्या एवं परिचालन संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए कानपुर सेंट्रल-लखनऊ, कानपुर सेंट्रल-रायबरेली तथा कानपुर सेंट्रल-खजुराहो खंड की तीन ट्रेनों के समय में आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है। वहीं, कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर, इटावा-कानपुर सेंट्रल, कानपुर सेंट्रल-टूंडला तथा अन्य संबंधित खंडों की कुल नौ ट्रेनों के विस्तार का प्रावधान किया गया है। इन व्यवस्थाओं को आवश्यकता के अनुरूप लागू किया जायेगा।

परीक्षा स्पेशल ट्रेन झांसीके लिए रवाना

पीईटी परीक्षा के दृष्टिगत आज गाड़ी संख्या ०१८२१ प्रयागराज-झांसी परीक्षा स्पेशल को प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या-नौ से रात्रि आठ बजे रवाना किया गया। इस ट्रेन में लगभग २,५०० परीक्षार्थियों ने यात्रा की। परीक्षार्थियों की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयीं। रेलवे कर्मियों की सतर्कता एवं समुचित प्रबंधन के फलस्वरूप ट्रेन को सुरक्षित रूप से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।